जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 | अंक-39 | जयपुर, सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



## सैनी-सा के ऑफिस में धूमधाम से मनाई दीपावली

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के आरटीओ ऑफिस के सामने, हाथी टीबा-बी कॉलोनी स्थित सैनी-सा के ऑफिस में बड़ी धूमधाम से दीपावली का पर्व मनाया गया।

सैनी-सा के फाउंडर सीए हीरालाल सैनी ने दीपावली पर सभी टीम सदस्यों को यूनिफॉर्म और मिठाई के रूप में ड्राई फ्रूट वितरित किए। इससे पूर्व पूर्ण विधि विधान से मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की और धन-धान्य से परिपूर्ण करने की प्रार्थना की।

इस दौरान विशेष आमंत्रित अतिथि अनीषा सैनी, सीए जयनारायण जांगिड, पुरुषोत्तम सैनी, मनोज कुमार भाटी, विकास सैनी, सुरेश कुमार सैनी, नरेन्द्र कुमार सैनी, दिनेश योगी, संदीप जांगिड, विष्णु प्रजापत सोहित सहित लोग मौजूद रहे।

## न्यू देव श्री टेलीकॉम पर उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर बार की तरह इस बार भी चौमूं शहर के थाना मोड, यूको बैंक के नीचे स्थित न्यू देव श्री टेलीकॉम पर ग्राहक की जबरदस्त भीड़ उमड पड़ी है। लोगों को मोबाइल खरीदने के लिए बड़ी जद्दोहद करनी पड़ी। न्यू देव श्री टेलीकॉम के ओनर संदीप गुप्ता ने बताया कि ग्राहकों का विश्वास निरंतर हमारे ऊपर बढ़ता जा रहा है, उनका प्यार हमें मिल रहा है। इस बार भी हमने ग्राहकों के लिए बंपर ऑफर लांच किए हैं। एक तो हम ग्राहकों को हाथों-हाथ आकर्षक पुरस्कार दे रहे हैं।



साथ ही क्रेडिट कार्ड पर 10% की छूट, कंपनियों द्वारा 10 लाख तक के लकी ड्रा और हमारे द्वारा भी लक्की ड्रा का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें ग्राहकों को एक्टिवा स्कूटी, एलइडी सहित कई इनाम ग्राहकों को दिए जाएंगे।

## कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने दी दीपावली की शुभकामनाएँ

**शाहपुरा (हमारा वतन)।** दीपों के पर्व दीपावली के अवसर पर शाहपुरा शहर में हर्षोल्लास और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने अपने शाहपुरा नगरवासियों के साथ दीपावली की रामा-श्यामा की और सभी को शुभकामनाएँ दीं।

विधायक यादव ने शहर के प्रमुख बाजारों, मंदिरों और मार्गों पर नागरिकों से मुलाक़ात कर दीपावली की मंगलकामनाएँ दीं तथा स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और युवा साथियों के साथ दीपोत्सव की खुशियाँ साझा कीं।



विधायक यादव ने कहा की दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य की जीत और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हम सभी को समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता के दीप जलाने की प्रेरणा देता है।

विधायक ने इस दौरान स्थानीय मंदिरों में दर्शन किए, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों से भेंट की और शहर की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। नगरवासियों ने भी विधायक यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ दीपावली की शुभकामनाएँ साझा कीं।

पूरे शाहपुरा शहर में दीपावली के अवसर पर रंग-बिरंगी रोशनी, सजावट और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। नगर के नागरिकों ने विधायक के साथ दीपावली की रामा-श्यामा कर पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया।

### अजय चौहान बने राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष


**जालोर (हमारा वतन)।** भारतीय जलदाय कर्मचारी महासंघ जयुपर राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शोभाराम डांगी की अनुशंसा पर राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महेश व्यास ने संविधान में प्रदत्त शक्ति यों का उपयोग करते हुए अजय चौहान गांव सरदारगढ़, पोस्ट सामतीपुरा, तहसील-जालोर, जिला जालोर को राजस्थान संयुक्त कर्मचारी एवं मजदूर महासंघ का जिलाध्यक्ष जालोर के पद पर मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने उच्च पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। सभी कर्मचारियों और मजदूर हितों के लिए हर संभव प्रयास करूँगा।



## लघु फ़िल्म विवान समावेशी शिक्षा की ओर एक प्रेरक कदम

**गुवाहाटी (हमारा वतन)।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, खानपारा द्वारा निर्मित लघु फ़िल्म 'विवान' ने समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दृष्टि प्रस्तुत की है। यह फ़िल्म विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और सामान्य बच्चों के बीच समान अवसर और सहयोग की भावना को संवेदनशील रूप से दर्शाती है।

फ़िल्म का लेखन एवं निर्देशन तपतेश कुमार मेवाल, शिक्षक पीएम के.वी. खानपारा द्वारा किया गया है। फ़िल्म में विद्यालय के शिक्षक- बबीता दास, बंदना दास, मानी बोरदोलोई, आकांश्या, जॉनी अहमद, हर्षवर्धन पांडे, सुधीर कुमार सहित बाल कलाकार- बिवान, मोक्षित, सिद्धांत, रेयांश,





हृदिस्था, ज्योतिस्मा,उर्वी और तमन्ना ने प्रभावशाली अभिनय किया है। फ़िल्म को रोशनी और जलगाँव सहित अन्य कई अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में शामिल कर लिया गया है । फिल्म को , 5 जनवरी 2026 को विभिन्न सामाजिक माध्यमों और टेलिविज़न चैनल्स पर जारी किया जाएगा । फ़िल्म के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि समावेशी शिक्षा केवल नीति नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज की दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम है। 'विवान' दर्शकों को यह सोचने पर विवश करती है कि जब सभी बच्चों को समान अवसर और सहयोग मिलता है, तो वे अपनी क्षमताओं से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। विद्यालय परिवार एवं प्राचार्य पुरुषोत्तम सिन्हा ने इस पहल की सफलता के लिए शिक्षा मंत्रालय ,भारत सरकार एवं सभी फ़िल्म सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।



## एमडीएफसी सहकारी बैंक में धूमधाम से मनाई दीपावली

**चौमूं (हमारा वतन)।** हर बार की तरह इस बार भी एमडीएफसी सहकारी बैंक में धूमधाम से दीपावली मनाई गई। बैंक के सीईओ रविकांत शर्मा और अध्यक्ष पूनम शर्मा ने विद्वान पंडित द्वारा पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई और माता लक्ष्मी से बैंक में हमेशा विराजमान होने की प्रार्थना की। इस दौरान उपस्थित कर्मचारी और परिवारजन ने माता के भजनों पर भावपूर्ण नृत्य कर माता को रिझाया। इसके बाद सभी कर्मचारियों को प्रबंधन द्वारा मिठाई और पारितोषिक वितरण किया गया। बैंक को रंग बिरंगी लाईटों और गुब्बारों से दुल्हन की तरह सजाया गया। इस दौरान प्रशांत शर्मा, मैनेजर पीसी मीणा,गोल्ड लोन मैनेजर मीना कुमारी शर्मा, सेल्स मैनेजर नीलम शर्मा, कलेक्शन ऑफिसर रमेश शर्मा, कविता शर्मा, रिकवरी ऑफिसर राहुल शर्मा, प्रियंका शर्मा, खुशबू शर्मा, विमला देवी, आनवी शर्मा, जानवी शर्मा, कोमल शर्मा, रिंकू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## टायनी पर्ल्स स्कूल के स्टूडेंट शैक्षिक भ्रमण के लिए हुए रवाना

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित टायनी पर्ल्स स्कूल के स्टूडेंट आज शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। नगर परिषद चौमूं के पार्षद महेंद्र लाम्बा ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया और भ्रमण की शुभकामनाएं दी। निदेशक नागेश कुमार शर्मा ने बताया कि स्कूल के बच्चों को एंजेल रिसोर्ट में एंजॉय करवाया जाएगा। इसके बाद जयपुर के ऐतिहासिक स्मारकों का भ्रमण करवाया जाएगा। इस दौरान स्कूल के निर्देशक नागेश कुमार शर्मा, प्रिंसिपल भारती रावत, एमडी हर्षित शर्मा और स्टाफगण सहित कई लोग मौजूद रहे।



## विधि मन्त्री जोगाराम पटेल ने किया घूमो राजस्थान गीत के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान की वीर गाथाओं, संस्कृति, कला, विशिष्ट पर्यटन आदि को समेटे हुए 'घूमो राजस्थान' गीत के पोस्टर का विमोचन संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक परामर्श तथा न्याय विभाग के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री गौतम कुमार दक, भाजपा जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल, भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश मंत्री श्रवण देवाल सहित विभिन्न पदाधिकारियो के कर कमलों एवं उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित गोयल के निवास पर हुआ।

आपको दीपावली और भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएँ

डॉ. जगदीश प्रसाद खातोदिया
अध्यक्ष - जयपुर जिला देहात यादव समाज

भगवान सहाय यादव
मीडिया प्रभारी - जयपुर जिला देहात यादव समाज
(चौमूं,आलीसर, हस्तेडा) मो. - 9799630913

DLMEH
Eye Care We Care
DEVI LAL MEMORIAL EYE HOSPITAL
(PHACO SURGERY CENTER)
Fully NABH & ISO Certified Eye Hospital
Cataract, Glaucoma, Retina, Squint, Paediatric Ophthalmology, Cornea, DCR, Pterygium, Ptosis, Entropion & Extropion
RGHS एवं अन्य TPA से संलग्न
Star Health, SBI, HDFC ERGO, Bajaj Allianz
Dr. Sunita Kumawat (Consultant Ophthalmologist) Glaucoma & Phaco Surgery
Er. Vimal Kumawat (Director)
50 बेडेड आई हॉस्पिटल — Kishangarh-Renwal M. 9602587835, 9530093030
30 बेडेड आई हॉस्पिटल — Chomu M. 8442080910, 8740080910
Doctor's Team
Dr. Sunita Kumawat (Consultant Ophthalmologist) Glaucoma & Phaco Surgery
Dr. Suhani Sharma (Consultant Ophthalmologist & Squint Surgeon)
Dr. Supriya Buraniya (Consultant Ophthalmologist)
Dr. V.K. Gupta (Consultant Ophthalmologist)
Dr. Sunil Thakur (Vitro-Retina Surgeon)
Dr. Deepak Goyal (Paedictric Ophthalmologist & Squint Surgeon)

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
विक्रम सिंह जोधा (पूर्व पार्षद)
-: प्रतिष्ठान :-
● जयंती मेडिकल एंड प्रोविजन स्टोर, चौमूं
● C-3 ग्रुप ऑफ एजुकेशन, चौमूं
मो. - 9828287746

PREM PALACE
रिसोर्ट & मैरिज गार्डन
9928035586 | 9829101097 | 9667934911
A Place For Destination Wedding.......
A/C Rooms | A/C Banquet Hall | Parking Space Available | Large Wedding Lawn Area
Chomu By Pass, Near Morija Road Puliya, Chomu-Jaipur
प्रेम डिजिटल कलर लैब
Expart in •Pre-Wedding •Cinematic Wedding Film •Live Coverage •Album Design & Printing
All Type of Photography & Videography

खामोश मेहनत ... उत्कृष्ट सिस्टम... विश्वसनीय परिणाम
शिक्षा नगरी चौमूँ का लाड़ला ...
New Shine International School
Admission Open
10 th Class RESULT 2025
चौमूं परिक्षेत्र टॉपर 98.67%
8th STATE MERIT
तन्मय कुमावत पुत्र श्री योगेश कुमावत
96.00% हिमांशी सैनी पुत्री श्री रामबाबू सैनी
95.00% अक्षत सैनी पुत्र श्री सुवालाल सैनी
94.17% स्वेता सैनी पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार सैनी
92.67% मयंक सैनी पुत्र श्री महेन्द्र कुमार सैनी
92.67% युवराज सैनी पुत्र श्री गजेन्द्र सैनी
92.33% रवि जलुथरिया पुत्र श्री हनुमान सहाय
92.00% अमित सैनी पुत्र श्री ओमप्रकाश सैनी
Nursery to XII | Science & Arts Faculty | All Route Bus Facility
न्यू शाईन चौमूँ से All राजस्थान 8वीं मैरिट
Indora Colony, Reengus Road, CHOMU 9352469438, 9929334317, 9352515126

आप सभी को दीपावली और भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं !
रामलाल शर्मा — पूर्व विधायक (चौमूं)
रामस्वरुप यादव — प्रधान - पंचायत समिति गोविंदगढ़
भगवान सहाय यादव — मीडिया प्रभारी - जयपुर जिला देहात यादव समाज (चौमूं,आलीसर, हस्तेडा) मो. - 9799630913

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Team "सैनी-सा"®
हीरालाल सैनी
C.E.O. 9983842782
पैन कार्ड, इनकम टैक्स रिटर्न, टेन नंबर, टीडीएस रिटर्न, जीएसटी नंबर, जीएसटी रिटर्न, ई-वे बिल, फूड लाइसेंस, फर्म रजिस्ट्रेशन, कंपनी रजिस्ट्रेशन, दुकान रजिस्ट्रेशन, उद्यम रजिस्ट्रेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, प्रोजेक्ट मैपिंग
Income Tax, Goods & Service Tax, Excise Duty, Custom Duty, Corporate Tax, Company Act, Partnership Act, MSMED Act, Society Act
अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.sainisa.com
कॉर्पोरेट ऑफिस –Saini-Sa,Heights,P-12A,Hathi Tiba – B, Opp.-New RTO Office, Chomu, Jaipur -303702. Ph.. - 01423-221330,8233131330

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पे भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# दीपावलीः परंपरा से बाजारवाद तक का सफर

आधुनिक तकनीक और बदलती जीवनशैली ने दीपावली को अधिक भव्य बना दिया है। बिजली की रंगीन लाइटों ने घरों को और अधिक जगमग कर दिया है, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने खरीददारी को आसान बना दिया है और दूर दराज बैठे रिश्तेदारों से वर्चुअल जुड़ाव ने भौगोलिक दूरी को घटाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या इस बदलाव में हम अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। दीपावली की रोशनी तभी पूर्ण होगी जब उसमें परंपरा और आधुनिकता का संतुलन हो। भारत में दीपावली केवल एक पर्व नही, बल्कि आस्था, संस्कृति और उत्सव का ऐसा संगम है जो सदियों से लोगों को एक सूत्र में पिरोता आया है। इस पर्व की मूल भावना में प्रकाश से अंधकार का अंत, अच्छाई की बुराई पर विजय और नए उत्साह के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत निहित है। लेकिन समय के साथ इस पारंपरिक उत्सव के मायने भी बदलने लगे हैं। आज दीपावली सिर्फ पूजा, दीप और परिवार का त्योहार नहीं रही, बल्कि बड़े पैमाने पर उपभोक्तावादी बाजार का प्रतीक बन गई है। बदलते दौर में दीपावली एक 'फेस्टिव सीजन' के रूप में देखी जाने लगी है, जहां धार्मिक भावनाओं से ज्यादा चर्चा खरीददारी, सजावट और विदेशी ब्रांड्स की होती है। दीपावली का शुभारंभ धनतेरस से होता है, जिसे समृद्धि और स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है। भारतीय परंपरा में इस दिन भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। पुराणों में उल्लेख मिलता है कि समुद्र मंथन के समय धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन कलश, बरतन, सोना-चांदी या कोई नई वस्तु खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन की गई खरीददारी से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है।


राम गोपाल सैनी

# भाई दूज का पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और प्रेम का प्रतीक

भाई-बहन के अटूट बंधन, प्रेम, विश्वास के प्रतीक के रूप में भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन जो भी बहन इस दिन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर लंबी उम्र की प्रार्थना करती है, वह भाई अकाल मृत्यु के भय से मुक्त होता है।हिंदू धर्म में हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और प्रेम का प्रतीक होता है। इन दिन भाई अपनी बहनों के घर जाते हैं और बहन अपने भाई के माथे पर तिलक कर उसकी लंबी उम्र की प्रार्थना करती है। वहीं भाई इस दिन अपनी बहनों को गिफ्ट भी देते हैं।इस दिन को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। हांलाकि इस बार भाई दूज की डेट को लेकर कंफ्यूजन की स्थिति बनी हुई है। तो आइए जानते हैं इस साल भाई दूज का पर्व कब मनाया जा रहा। साथ ही यह भी जानेंगे कि भाई दूज का शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और तिलक लगाने का मुहूर्त क्या है।



**भाई दूज का महत्व**-भाई-बहन के अटूट बंधन, प्रेम, विश्वास के प्रतीक के रूप में भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन जो भी बहन इस दिन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर लंबी उम्र की प्रार्थना करती है, वह भाई अकाल मृत्यु के भय से मुक्त होता है। इस दिन सभी बहनें अपने भाईयों के खुशहाली, सुखद जीवन, सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना करती हैं। मान्यता के मुताबिक यह पर्व मृत्यु के देवता यमराज और मां यमुना से जुड़ी है। देवी यमुना और यमराज भाई-बहन थे। जब एक बार वर्षों बाद यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने गए तो देवी यमुना ने उन्हें तिलक लगाया, नारियल भेंट किया और पकवान बनाए।





# गोवर्धन
## गायों की पूजा का प्रतीक पर्व




गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते है इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है।गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की। दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।

अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है।



# स्वच्छता व प्रकाश का पावन पर्व दीपावली



दीपावली स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। लोग कई दिनों पहले से ही दीपावली की तैयारियाँ आरंभ कर देते हैं, और सब अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि की सफाई का कार्य आरंभ कर देते हैं। दिवाली के आते ही घरों में मरम्मत, रंग-रोगन, सफेदी आदि का कार्य होने लगता है।दिवाली या दीपावली हिंदुस्तान में मनाया जाने वाला एक प्राचीन पर्व है जो कि हर साल कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है, इसके पीछे पौराणिक मान्यता है कि दीपावली के दिन हिंदुओं के आराध्य अयोध्या के राजा श्री रामचंद्र अपने चौदह वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे थे। इससे पूरा अयोध्या अपने राजा के आगमन से हर्षित और उल्लसित था। अयोध्या के लोगों ने इसी खुशी में श्री राम के स्वागत में घी के दीप जलाए। कार्तिक मास की काली अमावस्या की वह रात्रि दीयों के उजाले से जगमगा उठी। मान्यता है कि तब से आज तक भारतीय प्रति वर्ष यह प्रकाश-पर्व दिवाली के रूप में हर्ष व उल्लास से मनाते हैं। दीपावली का प्रकाश बुराई पर अच्छाई की जीत और भगवान राम के जीवन में मौजूद महान आदर्शों और नैतिकता में हमारे विश्वास का प्रतीक है।दीपावली स्वच्छता व प्रकाश का पर्व है। लोग कई दिनों पहले से ही दीपावली की तैयारियाँ आरंभ कर देते हैं, और सब अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि की सफाई का कार्य आरंभ कर देते हैं। दिवाली के आते ही घरों में मरम्मत, रंग-रोगन, सफेदी आदि का कार्य होने लगता है। लोग अपने घरों और दुकानों को साफ सुथरा कर सजाते हैं। इसके पीछे मान्यता है कि लक्ष्मी जी उसी घर में आती है यहाँ साफ-सफाई और स्वच्छता होती है। पुराणों में बताया गया है कि दीपावली के दिन ही लक्ष्मी ने अपने पति के रूप में भगवान् विष्णु को चुना और फिर उनसे विवाह किया। इसलिए घर-घर में दीपावली कि रात को लक्ष्मी जी का पूजन होता है। दिवाली के दिन लक्ष्मी जी के साथ-साथ भक्त की हर बाधा को हरने वाले गणेश जी, ज्ञान की देवी सरस्वती माँ, और धन के प्रबंधक कुबेर की भी पूजा होती है। बेशक देश में स्वच्छता, साफ-सफाई का प्रतीक दीवाली पर्व मनाया जाता हो लेकिन आज भी स्वच्छता देश की सबसे बड़ी जरूरत है। हमारी सरकार की पुरजोर कोशिशों के बाद भी भारत में स्वच्छता अभियान सिर्फ सरकारी कार्यक्रम बनके रह गए हैं। हजारों संस्थाएं सिर्फ फोटोग्राफ्स के लिए अभियान चलाती हैं और वाहवाही लूटती हैं। लेकिन स्वच्छता के प्रति उनका योगदान फोटो कराने के अलावा तनिक भर भी नहीं हैं। मगर भारत में सरकार के साथ-साथ कई ऐसी संस्थाएं भी हैं जो वास्तविक स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। और देश में ऐसे करोड़ों लोग हैं जो स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करते हैं। फिर भी लोग उनकी बातों को नजरअंदाज कर उनकी हंसी उड़ाते हैं और जगह-जगह देश को गंदा करते रहते हैं और प्रदूषण फैलाते रहते हैं। अगर ऐसे लोगों को जागरूक करना है जो कि स्वच्छता के प्रति बिल्कुल भी सजग नहीं है। इसके लिए हमें छोटे-छोटे बच्चों को बड़ों के नेतृत्व में आगे लाना होगा। अगर कोई गन्दगी फैलाएगा तो बच्चे उसे टोकेंगे तो वो बच्चों की बात को हँसी में नहीं उड़ा पाएंगे और न ही उनकी बात को टाल पाएंगे। बल्कि अपने किये पर शर्मिंदा भी होंगे। ऐसे ही देश में जितनी भी प्रमुख नदियां है जिनमें गंगा, यमुना और भी अन्य नदियां है। जिनमें लोग बहुत प्रदूषण करते हैं। उन जगहों खासकर नदियों के किनारे वाली जगह पर जितने भी स्कूल हैं उन बच्चों को स्कूल प्रशासन के नेतृत्व में आगे कर नदियों में प्रदूषण न करने के लिए लोगों को जागरूक कर सकते हैं। क्योंकि बच्चों की बात को कोई टाल नहीं सकता और बच्चा जो कहेगा उस पर हजार बार सोचेगा।

# रक्तकोष फाउंडेशन हुआ भारत एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से सम्मानित

## 1,50,000 यूनिट से अधिक रक्तदान करवाकर बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**जयपुर (हमारा वतन)।** रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं और मानवता के प्रति समर्पण के लिए रक्तकोष फाउंडेशन को भारत बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स- इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित 'भारत एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान संस्था को देशभर में आयोजित अब तक के सबसे बड़े रक्तदान अभियान के लिए प्रदान किया गया जिसमें 1,50,000 यूनिट से अधिक रक्तदान करवाकर एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया गया। रक्तकोष फाउंडेशन की स्थापना 14 जून 2018 को मानव सेवा एवं जीवन रक्षा के उद्देश्य से की गई थी। स्थापना के बाद से यह संस्था निरंतर जनसेवा हेतु तत्पर रहते हुए देशभर के हर जरूरतमंद मरीज तक समय पर रक्त पहुँचाने के लिए कार्यरत है। संस्था का प्रमुख उद्देश्य 'हर जरूरतमंद को सहजता से रक्त उपलब्ध कराना' को साकार करने के लिए फाउंडेशन ने डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, रक्तदाता नेटवर्क और व्यापक जनजागरूकता अभियानों को अपनाया है। संस्थापक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने इस सम्मान पर कहा कि रक्तदान केवल सेवा नहीं, बल्कि जीवनदान है। हर रक्तदाता मानवता का सच्चा प्रहरी है।

यह सम्मान उन सभी निस्वार्थ रक्तदाताओं को समर्पित है जिन्होंने अपनी एक बूंद से किसी के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। उन्होंने आगे कहा कि रक्तकोष फाउंडेशन का ध्येय 'रक्तदान- सबसे बड़ा मानव धर्म' को समाज में जन-आंदोलन के रूप में स्थापित करना है। फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल बिश्नोई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज सुथार, राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अनिल मर्मिट तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नितीशा शर्मा अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।




# दीवाली (कविता)

आई-आई रे दीवाली,आई-आई रे,
गया चहुँ ओर घर-द्वार जगमगाई रे।
हैपी दीवाली कह मिलते भाई-भाई रे,
सुख-समृद्धि का त्योहार गया ये आई रे।
आई-आई रे दीवाली,आई-आई रे।।
घर-घर हर घर 'ज्ञानदीप' दे जलवाई रे,
अन्धेरा इस धरा पर कहीं न रह जाई रे।
है माँ सरस्वती से मेरी यही दुहाई रे,
आई-आई रे दीवाली,आई-आई रे।।
जन-जन फैले बेसिक की निपुण पढाई रे,
टूटे 'मिथक' जो जन-जन में है समाई रे।
वो दीवाली तुमसे मेरी यही दुहाई रे,
आई-आई रे दीवाली आई-आई रे।।
दुख-दरिद्रता अशिक्षा की करे विदाई रे,
हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई भाई-भाई रे।
प्रीति एकता सब जन में जाय समाई रे,
आई-आई रे दीवाली आई-आई रे।।
जबसे निपुण भारत की पड़ी परछाई रे,
शिखर पर अग्रसर बेसिक की पढ़ाई रे।
सभी बहन-भाई को विजय की बधाई रे,
आई-आई रे दीवाली आई-आई रे।।


विजय मेहंदी, जौनपुर,उ.प्र.


# और कमा- ना

नित नए बाजार जाइए
औकात पता चलती है
कमाना और...और...और है
अनूठी बात पता चलती है
बाजार में दुकाने तानेबाज हैं
और पसंदीदा चीज ताना
मन कहता है...
इसे लेना है तो और कमा- ना!!!
इच्छाएं मनो - मस्तिष्क पर
सहसा चोट करती है
जो आदमी कर नहीं पाता
वो सबकुछ नोट करती है

खेल रूप का नहीं रूपये का है
गोरा, काला, गेहूँआ मायने नहीं रखता
इज्जत उसकी न के बराबर है
जो बटुये में ज्यादा नोट नहीं रखता
आदमी सर्विलांस पर है
जबतक ऊँचा बैलेंस रहता है
रूपया ज़ब जेब में अड़से
तो साथ सिक्स्थ सेन्स रहता है
अब न बना कोई भी सहज बहाना
खुद को उकसा - कर कह
भई और... और... और कमा - ना!!


सिद्धार्थ गोरखपुरी




# जॉब्स

1. उत्तर पश्चिम रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 2162, अंतिम तिथि 2 नवंबर 2025
2. बिहार पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 1799, अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2025
3. दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी, पद ग्रुप ए, बी, सी पोस्ट, पद संख्या 1732, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2025
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सांख्यिकी अधिकारी, पद संख्या 113, अंतिम तिथि 26 नवंबर 2025
5. डीएसएसएसबी, पद टीजीटी टीचर, पद संख्या 5346, अंतिम तिथि 7 नवंबर 2025
6. आरएसएमएसएसबी, पद आयुष ऑफिसर, पद संख्या 1535, अंतिम तिथि 8 नवंबर 2025
7. आरएसएमएसएसबी, पद जमादार ग्रेड सेकंड, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 15 नवंबर 2025
8. इंडिया पोस्ट, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 348, अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2025

# 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारम्भ

**जयपुर (हमारा वतन)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना में विद्युत उपभोक्ताओं के पंजीयन के लिए विकसित पोर्टल का सोमवार को जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे। राजस्थान डिस्कॉम्स ने यह पोर्टल विकसित किया है।

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जादाता बनाने की दिशा में यह योजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनूठी पहल है। वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभार्थियों को और अधिक लाभ देने की मंशा के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ लीवरेज करते हुए 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना की महत्वपूर्ण घोषणा की थी। इस घोषणा की क्रियान्विति के प्रथम चरण में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता https://www.energy.rajasthan.gov.in/Jvvnl, https://www.energy.rajasthan.gov.in/Jdvvnl, https://www.energy.rajasthan.gov.in/avvnl तथा वेबपोर्टल BijliMitra के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।




पोर्टल के जरिए मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता अपने 'के नम्बर' दर्ज करके 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना में ओटीपी के माध्यम से अपनी पात्रता की स्थिति जान सकेंगे। इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता स्वयं की छत की उपलब्धता की जानकारी पोर्टल पर देंगे तथा स्वयं रूफ टॉप सोलर लगाने की सहमति देंगे। जिससे डिस्कॉम्स के पास यह विवरण दर्ज होगा कि उपभोक्ता अपने घर की छत पर स्वयं सोलर पैनल लगाने के इच्छुक हैं।

इसके बाद यह पात्र उपभोक्ता पीएम सूर्यघर पोर्टल पर रजिस्टर्ड वेन्डरों के माध्यम से स्वयं की छत पर रूफ टॉप सोलर लगवाएंगे।

ऐसे प्रत्येक उपभोक्ता को 1.1 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति संयंत्र 33,000 रुपये की वित्तीय सहायता (3 किलोवाट क्षमता तक अधिकतम 78 हजार रूपए) भारत सरकार से मिलेगी। वहीं राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना के अन्तर्गत 17,000 रूपए प्रति संयंत्र की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी।

इससे 1.1 किलोवाट क्षमता का पैनल पूरी तरह निशुल्क हो जाएगा। वहीं जो उपभोक्ता मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में रजिस्टर्ड नहीं हैं, वे पीएम सूर्यघर पोर्टल के माध्यम से वेंडर्स चुनकर स्वयं का रूफ टॉप सोलर लगा सकेंगे। इस पर वे नियमानुसार केन्द्रीय वित्तीय सहायता ही प्राप्त कर सकेंगे।

# सैनी समाज का दीपावली स्नेह मिलन समारोह 21 अक्टूबर को

**चौमूं (हमारा वतन)।** महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान चौमूं की कार्यकारिणी की मीटिंग अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी की अध्यक्षता में सैनी समाज सभा भवन पर हुई। जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दीपावली स्नेह मिलन समारोह (अन्नकूट) दीपावली के दूसरे दिन 21 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा।




मीटिंग में महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जमालपुरिया, मंत्री ओम भगत, कोषाध्यक्ष राम चंद्र तंवर, माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरा लाल पांच्या, मंत्री मदन लाल मालेरिया, संस्थान कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, अर्जुन लाल सिंगोदिया, शंकर लाल अधोपिया, सुवा लाल सिंगोदिया, कोषाध्यक्ष कुमार गौरव, भवन निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष छीतर मल बबेरवाल, मोहन लाल तंवर आदि उपस्थित रहे।

# देश का पहला खादी गिफ्ट कार्ड शुरू, डेबिट कार्ड की तरह करेगा काम

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दिवाली पर खादी ग्रामोद्योग आयोग ने देश का पहला 'खादी इंडिया गिफ्ट कार्ड' शुरू किया है। इस प्रीपेड कार्ड में खरीदारी पर छूट भी मिलेगी। 500 रुपये से लेकर अधिकतम 10,000 रुपये की वेल्यू वाले कार्ड पर किसी प्रकार का लागत आदि कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पब्लिक सेक्टर यूनिट और प्राइवेट कंपनियां अपने कर्मचारियों को गिफ्ट के तौर पर यह कार्ड दे सकती है।



**डेबिट कार्ड की तरह करेगा काम-** KVIC के चैयरमेन मनोज कुमार ने बताया कि 'खादी इंडिया-एसबीआई रूपे प्रीपेड गिफ्ट कार्ड' एक आधुनिक डिजिटल भुगतान साधन है, जो डेबिट कार्ड की तरह कार्य करता है। इस कार्ड में पूर्व-स्वीकृत राशि पहले से लोड रहती है, जिसका उपयोग केवल खादी उत्पादों की खरीद के लिए किया जा सकता है।

**डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देगी-** उन्होंने आगे कहा कि आज के शुभ अवसर पर लॉन्च हुए यह कार्ड पारंपरिक कूपन की जगह एक सुरक्षित, पारदर्शी और डिजिटल माध्यम है, जो 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। यह पहल न केवल डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देगी। बल्कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद को आधुनिक और सुलभ बनाएगी।

**16 अंकों का यूनिक नंबर होता है-** जानकारी के लिए आपको बता दें कि यह कार्ड डेबिट कार्ड की तरह काम करता है। इसका उपयोग केवल खादी उत्पादों की खरीद के लिए किया जा सकता है। कार्ड में 16 अंकों का यूनिक नंबर होता है। साथ ही इस कार्ड में पूर्व-स्वीकृत राशि पहले से लोड रहती है। हर ट्रांजैक्शन पर उपभोक्ता को SMS अलर्ट प्राप्त होता है। कार्ड की वैधता तीन साल तक रहती है। कार्ड पर लाभार्थी का नाम मुद्रित होता है और इसमें PIN नंबर दिया गया है।



# माली समाज ने देवेंद्र सैनी के आरएएस में चयन पर किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के गोविंदगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोरीजा के वार्ड नंबर 2, सामोद रोड नीमड़ी निवासी देवेंद्र सैनी पुत्र भंवरलाल सैनी का 264वीं रैंक के साथ आरएएस में चयन होने पर विभिन्न लोगों द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया। सर्वप्रथम चौमूं माली समाज द्वारा देवेंद्र सैनी को माला,साफा, दुपट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान देवेंद्र के दादाजी घीसालाल सैनी, पिता भंवर लाल सैनी और माता का भी सम्मान किया गया। लाइब्रेरी में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को देवेंद्र सैनी ने मोटिवेट करते हुए कहा कि आप अपना लक्ष्य बनाकर तैयारी करेंगे तो आपकी सफलता पक्की है। इस दौरान सभी पदाधिकारी और प्रबुद्धजन मौजूद रहे। वही घर पहुंचने पर परिवारजन और रिश्तेदारों ने देवेंद्र और उनके परिवार का माला, साफा और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। गौरतलब है कि देवेंद्र सैनी भीलवाड़ा स्थित सरकारी स्कूल में थर्ड ग्रेड टीचर के पद पर कार्यरत हैं। देवेंद्र की इस उपलब्धि पर परिवार, समाज और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोग हर तरफ से बधाइयां और शुभकामनाएं दे रहे हैं।





# यूईएम ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया दीपांजलि 2025 कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, उदयपुरिया मोड, चौमूं जयपुर द्वारा विश्विद्यालय के स्टाफ / शिक्षकों व बाल संबल आश्रम, (अनाथालय) ग्राम-सिरोही, चंदवाजी के पास, जयपुर के अनाथ बच्चो के साथ दीपावली उत्सव मनाया गया।

सर्वप्रथम विश्विद्यालय परिवार के सदस्य गणों ने बाल संबल आश्रम, (अनाथालय) स्थित ग्राम-सिरोही, चंदवाजी के पास, जयपुर पहुंचकर वहा रह रहे अनाथ बच्चो के साथ दीपावली उत्सव (दीपांजलि -2025) कार्यक्रम मनाया। विश्विद्यालय के वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वेजॉय चटर्जी , रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, डीन प्रो डॉ प्रीति शर्मा, प्रो. डॉ. जी उमा देवी के हाथों अनाथ बच्चों को दीपावली पर्व पर मिठाई, कपडे, पठाके उपहार देकर व यू ई एम परिवार के सदस्यों के साथ खाना खिलाकर मनाया गया। उपहार पाकर सभी बच्चे खुशी से उत्साहित और आनंदित नज़र आये। प्रो. चटर्जी ने बताया कि यूनिवर्सिटी परिवार हमेशा गरीब और असहाय बच्चों के लिए सहारा बनकर खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा, साथ ही हमारा उद्देश्य अनाथालय में रह रहे वे सब अनाथ बच्चे अपने विश्विद्यालय परिवार को अपना परिवार मानकर तथा हमारे बीच रहकर, खुशियां बाँट सके और दीपो के पर्व दीपावली को हर्ष, उल्लास और आनंद के साथ मना सके, उनकी खुशी में ही हमारी खुशी होगी और ये ही हमारे लिए दीपावली का सबसे बड़ा उपहार है।

**यूनिवर्सिटी परियोजना-** उपनिदेशक संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया की अनाथ बच्चो को उपहार देने के पश्चात यूनिवर्सिटी कैंपस में यू ई एम परिवार के सभी सदस्यों के साथ विधि विधान से दीपावली की पूजा अर्चना की गयी और मिठाई वितरित कर दीपावली के पावन पर्व की एक दूसरे को बधाई दी गयी।

# आरपी सोलर का हुआ भव्य उद्घाटन

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं थाना मोड़, सब्जी मंडी रोड स्थित आरपी सोलर का भव्य उद्घाटन हुआ । यह कार्य म बड़े उत्साह और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ आयोजित हुआ। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ श्री श्री 108 गिरधारी दास महाराज के पावन सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। आरपी सोलर का उद्घाटन महेंद्र मोहन तिवाडी एवं डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने फीता काटकर किया। संस्था के निदेशक भुवनेश तिवाड़ी और शशिकांत शर्मा ने बताया कि आरपी सोलर का उद्देश्य आम नागरिकों तक सस्ती, स्वच्छ और टिकाऊ सौर ऊर्जा पहुँचाना है। इनका कहना है कि सौर ऊर्जा को अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण संभव है, बल्कि ऊर्जा बचत में भी अभूतपूर्व योगदान दिया जा सकता है। समारोह में क्षेत्र के विधायक शिखा मील बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, नगर परिषद उपसभापति किरण शर्मा, धोबलाई सरपंच रमेश चंद शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, टेंट एसोसिएशन उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, छात्र नेता अनुराग शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय, समाजसेवी डॉ. सुरेश चंद शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, बासा पूर्व सरपंच रामावतार अग्रवाल, पार्षद महेंद्र कुमावत, पार्षद राधिका सैनी, पेंशनर मंच अध्यक्ष राधेश्याम यादव, समाजसेवी गजानन शर्मा, पूर्व पार्षद अभिषेक शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि कमल भातरा, उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।



# मैं भी अंतर्राष्ट्रीय पटेल बन जाऊंगा

देशों को आपस में लड़वाकर मैं पटेल बन जाऊंगा
विध्वंसक हथियार बेच बेच मेरी इकोनॉमी बढ़ाऊंगा
फिर उन हथियारों के बल पर कई देशों को लड़वाऊंगा
हथियार बेच देश में बेरोजगारी को जल्द खत्म करवाऊंगा
आपस में लड़ा लड़ा कर राष्टों से डॉलर बहुत कमाऊंगा
गाजा,इजराइल,यूक्रेन,रूस,ईरान को आपस में लड़ाऊंगा
अफगान,पाक,भारत,वेनेजुएला में नया फ्रंट खुलवाऊंगा
फिर नाटो यूरोप नेतन्याहू से धमकाकर सबको मैं डराऊंगा
बेच हथियार पेट जब भर जाएगा शांति का पाठ पढ़ाऊंगा
फिर कुछ चमचों से नोबल शांति की मैं रिकमेंट कराऊंगा
और अपने मुंह मियामिट्ठू बन कर पुरस्कार लूट लाऊंगा
घर की आग बुझा नहीं सका मैं पर और देशों में लगाऊंगा
विश्व के मजबूर राष्टों को आपस में मैं ही रोज लड़वाऊंगा
हथियारों को बेच बेच कर मैं अंतर्राष्टीय पटेल कहलाऊंगा
बार बार शांति की दुहाई देकर मैं नोबल प्राइज कमाऊंगा
वसुधेवकुटुंब देशों को ठेंगा बता कर शांति दूत बन जाऊंगा
हथियारों को बेच बेच कर मैं अंतर्राष्टीय पटेल कहलाऊंगा



**राजेन्द्र आचार्य राजन,**
भवानीमंडी, राजस्थान

आप सभी देशवासियों को दीपावली की सहर्ष बधाईयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम सद्भाव की इत्र दीवाली हो पर्यावरण मित्र दीवाली आपका अपना
विजय मेहंदी (शिक्षक, कवि, लेखक, गीतकार)
जौनपुर (उत्तर प्रदेश), मो. - 9198852298



आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
मालीराम यादव
अध्यक्ष
★ ओबीसी महासभा, चौमूँ
★ विश्व यादव परिषद, चौमूँ
पता-ग्राम मोरीजा,तह.-चौमूँ, जिला-जयपुर, -303805
मो.-8209081924



सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
★ अध्यक्ष - गाँधीनगर साहित्य सेवा संस्थान ट्रस्ट
★ अध्यक्ष - भारत माता अभिनन्दन संगठन (हरियाणा), गुजरात
★ अध्यक्ष - उमिया गौ शाला एवम गुरु कुल- राष्ट्रीय प्रभारी अखंड भारत राष्ट्र सेवा दल गुजरात
★ अध्यक्ष - अखिल भारतीय गौ शाला एवम गुरुकुल नोयडा दिल्ली, भारत
★ सचिव - गुजरात पद्मनाभ साहित्य अकादमी वैशाली, बिहार
★ इंटरनेशनल एम्बेसेडर - गाँधी पीस फाउंडेशन, नेपाल
★ कार्यकारिणी सदस्य - राष्ट्र भाषा हिन्दी साहित्य परिषद, अहमदाबाद
★ कार्यकारिणी सदस्य - गुजरात प्रांतीय राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, अहमदाबाद
★ अध्यक्ष - सारस्वत लॉज थयोसोफी कल सोसाइटी, गाँधी नगर, गुजरात
★ अध्यक्ष - गुजरात अन्तरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच तंजानिया
★ ट्रस्टी - रेस ईन रेन ट्रस्ट, गाँधीनगर
★ ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता अभियान -व्यसन मुक्ति अभियान-आत्म हत्या निवारण जागरुकता अभियान
डॉ. गुलाब चन्द पटेल
गुजरात गवर्नमेंट द्वारा संत कबीर साहित्य अवार्ड विजेता, हिंदी व गुजराती कवि, लेखक, अनुवादक, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, शिक्षक एवम संचालक निःशुल्क ज्ञान स्कूल



सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रदेशाध्यक्ष – भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद राजस्थान।
प्रदेश महासचिव – राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान।
प्रदेश खेल एवं सांस्कृतिक सचिव – अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ राजस्थान।
सभांग प्रभारी कोटा व बीकानेर – राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान।
जिलाध्यक्ष – राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (लोकतांत्रिक) जिला जालोर।
जिलाध्यक्ष – राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जिला जालोर।
जिलाध्यक्ष – राजस्थान मेघवाल समाज संस्था (रजि.) जिला जालोर।
जिलाध्यक्ष – राष्ट्रीय अनुसूचित जाति–जनजाति विकास परिषद जिला जालोर।
जिलाध्यक्ष – राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ महासंघ जिला जालोर।
जिलाध्यक्ष – राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण (भारत) जिला जालोर।
मिडिया प्रभारी – मेघवाल समाज सेवा समिति 13गांव परगना माण्डवला।
जिला महासचिव – राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ जिला जालोर।
अजय चौहान



सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
पल-पल से बनता है एहसास,
एहसास से बनता है विश्वास,
विश्वास से बनते हैं रिश्ते,
और रिश्ते से बनता है कोई खास।
उदयवीर सिंह यादव की तरफ से
दिवाली की बहुत बहुत बधाई!
उदयवीर सिंह यादव
भूतपूर्व सैनिक, जयपुर
मो. 8003591797



सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
जाग्रति हॉस्पिटल
चार दुकान, मोरीजा रोड, मोरीजा चौमूं
सम्पर्क सूत्र- 9251721269, 8209997678
डॉ. हरिवल्लभ सैनी
24 घंटे ऑपरेशन और डिलीवरी की सुविधा
➡ TPA and all medical policy cashless facility
➡ 24X7 hours service



# स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप के संगीत कार्यक्रम में झूमे श्रोता

## ➡ डॉ. सुरेश चंद शर्मा को मानद उपाधि मिलने पर किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप के संरक्षक सुरेश चंद शर्मा, फाउंडर शीला जांगिड़, एडमिन आकाश कुमार द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक जयपुर गोपालपुरा स्थित होटल ग्रैंड सफारी में सदाबहार गीतों का संगम आयोजित किया गया।

संगीत कार्यक्रम में 40 गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक खुशनुमा गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मध्य स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप के संरक्षक सुरेश चंद्र शर्मा और फाउंडर शीला जांगिड़ ने समाजसेवी पवन कुमार गोयल को माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। उनके द्वारा एक गीत की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद ग्रुप के संरक्षक और सर्व समाज जाग्रति संघ के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी द्वारा मानद उपाधि मिलने पर ग्रुप की फाउंडर शीला जांगिड़ ने संस्था के सदस्यों के मध्य मंच पर डॉ. सुरेश चंद शर्मा को माला, दुपट्टा पहनाकर और राधा गोविंद का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जितेंद्र, निहारिका, नवल सैनी, आनंद, नंदिता, रघुनाथ, अरविंद, भारती, मेघराज, एस भाटी, कालीचरण, नविता, अनिता, रेखा, आरती, कीर्ति, मनीष, निकेश, नाजुक, विकास, राकेश, किशन, मेहरुन्निसा,राम गोपाल मीणा, मुकेश शर्मा, डॉक्टर चंद्रकला एवं हिम्मत सिंह ने शानदार प्रस्तुतियां दी ।







# दीवाली पर इन जगहों पर भूलकर भी ना बनाएं रंगोली, हो सकता है बड़ा नुकसान

दो दिन में दीपोत्सव की शुरुआत होने वाली है। पांच दिवसीय इस त्योहार की तैयारी कई दिन पहले से ही शुरु हो जाती है। घर की सफाई से लेकर दीपोत्सव पर दीयों से हर कोने को रोशनी से जगमग करने देने वाले इस त्योहार का इंतजार हर किसी को होता है। 20 अक्टूबर को दीवाली है। इस दिन लोग घरों को दीए, फूल और तोरण से सजाते हैं। वहीं घर के कुछ कोनों में रंगोली बनाकर मां लक्ष्मी के आगमन की तैयारी की जाती है। वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर में रंगोली बनाने से खुशहाली और पॉजिटिव एनर्जी आती है। साथ ही मां लक्ष्मी प्रसन्न भी होती है।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
BRIGHT ROCK (Solution Services)
विनायक दल फाउंडेशन
बजरंग सिंह काचरेड़ा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Contact :- 8104888001, 9799872145
Address :- Plot No.17, Yadav Chamber, Opposite Balaji Ki Chakki Benar Station Road, Jhotwara, Jaipur
E mail :- brsolution06@gmail.com

आप सभी को दीपावली और भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनोद सांखला - थाना अधिकारी - गोविंदगढ़, जिला - जयपुर
सुभाष डागर - अध्यक्ष - यादव समाज तहसील, चौमूं
भगवान सहाय यादव - वरिष्ठ पत्रकार, मो. - 9799760913

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं !
चौमूं एसीपी उषा यादव का स्वागत करते हुए वरिष्ठ पत्रकार भगवान सहाय यादव
डॉ. रामनारायण यादव - चेयरमैन, शिवधारा हॉस्पिटल, चौमूं
रामकरण गुर्जर - थाना अधिकारी, मनोहरपुर (शाहपुरा)

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरा पेड़-मेरा दोस्त(मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान के तहत दोस्त बनाकर एक पौधा इस धरा में अवश्य लगाए और अपने अतिथियों को स्वागत में फूलो के बुके के बजाय एक पौधा उपहार में भेंट करें।
किरण सोनी
डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी
पर्यावरणविद्, वृक्षमित्र, प्रवक्ता भूगोल
राजकीय इण्टर कालेज मरोडा (सकलाना)
पो.आ. रिंगालगढ, विकासखंड -जौनपुर, जनपद- टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड, पिन कोड-249145
मो. 9411736066

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री शिरडी साई मंदिर
रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत-महंत
मो. 9460635593
खेजरोली रोड, ग्राम-ईटावा भोपजी, तहसील चौमूं, जिला-जयपुर ग्रामीण- 303804

सर्व समाज जाग्रति संघ के संस्थापक अध्यक्ष और बृजवासी गौ रक्षक सेना भारत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा जी को समाज सेवा के क्षेत्र में ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं !
डॉ. सुरेश चंद शर्मा
पंडित रविन्द्राचार्य - अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता
शेर सिंह कुमावत - अध्यक्ष - गौरक्षक दल

सभी प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
तेजराज यादव
युवा नेता - शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र
संस्थापक - अहीर यादव फाउंडेशन
प्रदेश अध्यक्ष - समाजवादी पार्टी युवा राजस्थान
मो. - 9414380248

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
अशोक पाल सिंह
शिक्षक, कवि, प्रभारी प्रधानाचार्य, पर्यावरण मित्र, नोडल अधिकारी – नशा मुक्त भारत, राष्ट्रीय साक्षरता संदर्भ व्यक्ति
मो.– 9410932259, 7037551212
कार्यालय :– राजकीय उ.मा.वि.बिझौली, पोस्ट – मिलाप नगर, रुड़की, जनपद – हरिद्वार 247667.
निवास :– राज विहार कॉलोनी, पंचायत–ढंडेरा, महात्मा ज्योतिबा फुले वार्ड, पोस्ट – मिलाप नगर, रुड़की, जनपद–हरिद्वार 247667.

आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ !
रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया
पूर्व अध्यक्ष
महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान, चौमूं,
निदेशक
श्री कृष्णा साल्ट प्राइवेट लिमिटेड, नावां, नागौर,
निवास - वार्ड नंबर 12, होली दरवाजा बाहर, चौमूं मो. 9694928983

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप मेघवाल
राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)
हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य
राज्य मुख्यालय उदयपुर
प्रदेश अध्यक्ष-मदर फादर फाउंडेशन राजस्थान
मो. 98878 76542

MERA E-MITRA CENTRE
पता - एन.एच.52, जयपुर सीकर हाईवे, ग्राम-जैतपुरा,तहसील-चौमूं, जयपुर
आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
सुरेन्द्र कुमार सैनी
:- 9929701157 surendrakumarsaini surendrakumarsaini

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
साहिबा गारमेंट
साहिबा एंटरटेनमेंट (लेडीज टॉप के थोक विक्रेता)
बसंत कुमार वासवानी - प्रोपराइटर -9928061090
पताःलक्ष्मी टावर, सर्वानंद हॉल के पास, सीकर हाउस, जयपुर -302016
मीनाक्षी परमार वासवानी (फिल्म एंड टीवी अभिनेत्री)

MDFC ( Mini Bank )
Available Service :- Saving account, Daily Account , RD, FD, Insurance, Lic policies.
दीपों का महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
पूनम शर्मा - डायरेक्टर
रविकांत शर्मा - सीईओ
मीना शर्मा (डिंपल) - गोल्ड लोन मैनेजर
पीसी मीणा - ब्रांच मैनेजर
Gold Loan
संपर्क 01423-222752, 7742655048
कचोलिया रोड, नियर एलआईसी ऑफिस चौमूं,जयपुर ग्रामीण-303702

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।